हसीना बानो हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार

कार्रवाई

कटरा। पुरानी रंजिश में 12 जुलाई को एक महिला की हत्या कर शव गन्ने के खेत में फेंक दिया गया था। मृतका की बहू की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही थी। मंगलवार को पुलिस ने हत्याकांड के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

नवीन माडर्न थाना श्रावस्ती क्षेत्र के ग्राम पंचायत श्याम देवरिया के मजरा महदेईया गांव निवासी हसीना बानों (40) पत्नी मोहर्रम अली उर्फ मूसे बीते 12 जुलाई की सुबह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। इस दौरान पुरानी रंजिश में कुछ लोगों की ओर से हसीना बानों की हत्या कर शव गांव से कुछ ही दूसरी पर गन्ने के खेत में फेंक दिया गया। खोजबीन के दौरान परिजनों को गन्ने के खेत में हसीना बानों की लाश मिली थी। पुलिस ने मृतका की बहू की तहरीर पर हत्या का मामला दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। मंगलवार को गणनाथ प्रसाद ने टीम के साथ मुखबिर की सूचना पर हत्या के मुख्य आरोपी अब्दुल कलाम पुत्र अच्छन निवासी श्यामदेवरिया को समदा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। सीओ के नेतृत्व में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम को लगाया गया है। गिरफ्तारी टीम में थानाध्यक्ष के साथ उपनिरीक्षक फिरतू यादव, आरक्षी जीतबन्धन, आरक्षी प्रदीप कुमार आदि रहे।

मस्जिद में चोरी का प्रयास, दो गिरफ्तार

- तहरीर देकर धार्मिक पुस्तक फाड़ने का आरोप
- पुलिस ने बताया मानसिक रूप से विक्षिप्त हैं चोर

श्रावस्ती, संवाददाता। कोतवाली भिनगा के परसिया राजा की मस्जिद में दो लोगों ने घुस कर चोरी का प्रयास किया और पुरानी किताबों को क्षति पहुंचाई। लोगों ने पकड़ कर दोनों लोगों को पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और पूछताछ कर रही है।

लक्ष्मनपुर बाजार (ग्राम परसिया राजा, मौजा-तकिया) के मस्जिद में मंगलवार को दो व्यक्ति दुर्गा प्रसाद निवासी-समतलिया बलनपुर बसन्तपुर एवं विजय कुमार निवासी-सिरसिया बाजार ने घुस गए। दोनों ने इन्वर्टर की बैटरी खोल ली और अन्य सामान भी चोरी करने का प्रयास किया। दोनों ने एक गट्ठर को खोलने का प्रयास किया गया जिसके अन्दर पुरानी किताबें थी गट्ठर खोलने के कारण किताबें बिखर गई। कुछ सन्दूक एवं बक्सों को भी खोलकर सामान फैला दिया गया। इन्वर्टर की बैटरी को ले जाते समय स्थानीय लोगों ने इनको पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। सूचना प्राप्त होते ही पुलिस ने मौके पर पहुंच कर दोनो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली भिनगा लाकर पूछताछ की जा रही है। मस्जिद प्रतिनिधि ने तहरीर देकर धार्मिक पुस्तक फाड़ने का आरोप लगाया है। कोतवाल ने बताया कि दुर्गा प्रसाद मानसिक रूप से विक्षिप्त है और इसका इलाज गोरखपुर में चल रहा है तथा विजय कुमार भी मानसिक रूप से विक्षिप्त तथा नशा करने का आदी है। प्रथम दृष्टया दोनों व्यक्तियों की ओर से चोरी का प्रयास प्रतीत होता है। सम्पूर्ण प्रकरण की जांच की जा रही है। मौके पर पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित हैं।